शंकर भगवान की स्तुति

आशुतोष सशाँक शेखर चन्द्र मौली चिदंबरा |
कोटि कोटि प्रणाम शम्भू कोटि नमन दिगम्बरा | |

निर्विकार ओमकार अविनाशी तुम्ही देवाधि देव |
जगत सर्जक प्रलय करता शिवम सत्यम सुंदरा | |

निरंकार स्वरूप कालेश्वर महा योगीश्वरा |
दयानिधि दानिश्वर जय जटाधार अभयंकरा | |

शूल पानी त्रिशूल धारी औगड़ी बाघम्बरी |
जय महेश त्रिलोचनाय विश्वनाथ विशम्भरा | |

नाथ नागेश्वर हरो हर पाप साप अभिशाप तम |
महादेव महान भोले सदा शिव शिव संकरा | |

जगत पति अनुरकती भक्ति सदैव तेरे चरण हो |
क्षमा हो अपराध सब जय जयति जगदीश्वरा | |

जनम जीवन जगत का संताप ताप मिटे सभी |
ओम नमः शिवाय मन जपता रहे पञ्चाक्षरा | |

आशुतोष सशाँक शेखर चन्द्र मौली चिदम्बरा |
कोटि कोटि प्रणाम संभु कोटि नमन दिगम्बरा | |

SHRI SHIV CHALISA

From here you can download Shiv Stuti in other Languages **shrishivchalisa.com**